# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2007 सत्र

### बुधवार, दिनांक 18 जुलाई, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

बिलासपुर नगर में निर्माणाधीन सीपत रोड की लागत एवं गुणवत्ता

1. ( *क्र. 766) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर नगर में सीपत चौक से सीपत जाने के लिये निर्माणाधीन सड़क की लंबाई एवं लागत कितनी है तथा इस सड़क में कहां से कहां तक कितनी लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क कितने लागत की बनाई जा रही है ? ठेकेदार का नाम क्या है ? (ख) क्या यह सत्य है कि इसी मार्ग पर राजकिशोर नगर के पास एवं चाटीडीह पेट्रोल पंप के पास बन रहे सी. सी. रोड का निर्माण अमानक स्तर का होने के कारण लंबी दरारें आ गई हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) बिलासपुर नगर में से सीपत चौक से सीपत जाने के लिए निर्माणाधीन सड़क की लंबाई 6.60 कि.मी. लागत रुपये 986.84 लाख. सीमेंट कांक्रीट मार्ग की लंबाई 2.60 कि.मी. (कि.मी. 2/10 से 3/6 एवं 5/10 से 7/6) लागत रुपये 278.59 लाख. ठेकेदार मे. बनवारी लाल अग्रवाल प्रा. लि. कोलकाता. (ख) राजकिशोर नगर के पास चौड़ीकृत भाग का इंबेकमेंट सेटलमेंट के कारण दरार आ गई है.

जगदलपुर -चित्रकोट मार्ग का विस्तारीकरण

2. ( *क्र. 760) **श्री लच्छूराम कश्यप** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जगदलपुर से चित्रकोट मार्ग विस्तारीकरण के क्या मापदण्ड है तथा उक्त मार्ग की लागत कितनी है ? (ख) उक्त मार्ग को दोनों ओर मध्य से कितने मीटर बढ़ाया जाना है ? (ग) उक्त सड़क के चौड़ीकरण में कहां-कहां पानी निकासी हेतु नाली का निर्माण किया जाना है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) एम. ओ. आर. टी. एस./आई. आर. सी. के मापदण्डों के अनुरूप. रुपये 1501.51 लाख. (ख) मार्ग के कि.मी. 1 से 2 में 5.00 मीटर दोनों ओर और कि.मी. 3 से 5 में 2.25 मीटर दोनों ओर. (ग) सड़क के चौड़ीकरण कि.मी. 1 से 2 में और कि.मी. 3 से 5 में दोनों ओर नाली निर्माण किया जाना है.

नहर निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण

3. ( *क्र. 794) **श्री संजय ढीढी** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) समोदा व्यपवर्तन योजना के द्वितीय चरण के नहर निर्माण के लिए किन-किन ग्रामों की कितनी-कितनी भूमि अधिग्रहित की जानी है ? (ख) किन-किन गांवों में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव ) : (क) राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना के द्वितीय चरण के निर्माण के लिए 34 ग्रामों की 408.995 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है. ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) 08 गांवों के भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा एक ग्राम का आंशिक रूप से अधिग्रहण किया जा चुका है. ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

---

† परिशिष्ट "एक"

गुमशुदगी एवं अपहरण के दर्ज प्रकरण

4. ( *क्र. 60) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1 अप्रैल, 2006 से 21 जून, 2007 तक रायगढ़, जशपुर, सरगुजा, कोरबा जिले अंतर्गत कितने नाबालिग बच्चों, लड़कियों के गुमशुदा अथवा अपहरण के प्रकरण दर्ज किये गये हैं? जिलेवार संख्या प्रदान करें ? (ख) कंडिका ''क'' के लापता बच्चों अथवा लड़कियों में से कितने को पुलिस खोजने में सफल हुई है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) प्रपत्र ''अ'' † संलग्न है. (ख) प्रपत्र ''ब'' † संलग्न है.

खरसिया विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण

5. ( *क्र. 430) **श्री नन्दकुमार पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र खरसिया में वित्तीय वर्ष 2006-07 में किन-किन सड़कों एवं पुल-पुलिया के निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई थी ? (ख) स्वीकृत सड़क एवं पुल-पुलिया में कितने कार्य विभाग द्वारा एवं कितने कार्य ठेके के माध्यम से कराए गए ? (ग) वित्तीय वर्ष 2006-07 में स्वीकृत कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) †† संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) समस्त कार्य ठेका पद्धति से कराये जा रहे हैं. (ग) †† संलग्न परिशिष्ट के कालम 4, 5, 6, 7 के अनुसार उल्लेखित हैं.

टाटा एवं एस्सार के लिए भूमि का अधिग्रहण

6. ( *क्र. 791) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बस्तर में टाटा एवं एस्सार द्वारा स्थापित किये जाने वाले उद्योगों के लिए कितनी भूमि कहां-कहां व्यवस्थापन की किन शर्तों के अधीन अधिग्रहित की गई है तथा कितनी भूमि अधिग्रहित किया जाना है ? उक्त उद्योगों को कितनी-कितनी, शासकीय भूमि किस दर से प्रदान की गई है ? अधिग्रहण हेतु ग्रामसभाओं में क्या-क्या निर्णय हुआ ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : जानकारी एकत्र की जा रही है.

सड़कों के लिए तैयार की गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट की जानकारी

7. ( *क्र. 746) **श्री चन्द्रूलाल साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) Infrastructure Leasing and Financial services Ltd., द्वारा किन-किन सड़कों के लिए Detail Project Report तैयार की गई है ? (ख) उक्त सड़कों में की गई गणना अनुसार सड़कवार व श्रेणीवार वाहनों का घनत्व क्या है ? उनका ऐक्सल लोड क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) निम्नानुसार तीन सड़कों की Detail Project Report तैयार की गई है :—

1. भाटापारा से बलौदाबाजार लं. 25.00 कि.मी.
2. अभनपुर से तरीघाट उतई मार्ग लं. 43.00 कि.मी.
3. कसडोल से शिवरीनारायण मार्ग लं. 78.30 कि.मी.

(ख) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के अनुसार है.

† परिशिष्ट ''दो'' †† परिशिष्ट ''तीन'' ‡ परिशिष्ट ''चार''

सिविलदाग बांध हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

8. ( *क्र. 665) **श्री सिद्धनाथ पैकरा** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अंबिकापुर जिला सरगुजा के अंतर्गत सिविलदाग बांध में कितने किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है ? (ख) क्या अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान कर दिया गया है ? (ग) यदि नहीं, तो किन-किन को करना है तथा कब तक किया जावेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव ) : (क) अंबिकापुर जिला-सरगुजा के अंतर्गत सिविलदाग बांध में 64 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है. (ख) जी नहीं. (ग) जिन किसानों को मुआवजा भुगतान करना है उनकी सूची † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. प्रकरण का निराकरण जिला कलेक्टर द्वारा अर्धन्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है, अत: निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

दुर्ग जिले में वृहद, मध्यम तथा लघु सिंचाई योजनाओं हेतु आवंटित एवं व्यय राशि

9. ( *क्र. 649) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2006-07 में दुर्ग जिले में वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्य में कितनी-कितनी राशि आवंटित की गई तथा कितनी राशि व्यय की गई ? संभागवार जानकारी देवें ? (ख) वित्तीय वर्ष 2006-07 में दुर्ग जिले में वृहद, मध्यम व लघु सिंचाई योजनाओं के मरम्मत कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि आवंटित हुई तथा कितनी राशि व्यय हुई संभागवार जानकारी देवें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव ) : (क) वित्तीय वर्ष 2006-07 में दुर्ग जिले में स्थित चार संभागों द्वारा वृहद, मध्यम व लघु सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु योजनावार आवंटित राशि एवं व्यय की गई राशि †† संलग्न प्रपत्र ''अ'' में दर्शित है. (ख) वित्तीय वर्ष 2006-07 में दुर्ग जिले में स्थित चार संभागों द्वारा वृहद, मध्यम व लघु सिंचाई योजनाओं के मरम्मत कार्य हेतु योजनावार आवंटित राशि एवं व्यय की गई राशि †† संलग्न प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है.

शिवरीनारायण से खरताल सड़क निर्माण की स्थिति

10. ( *क्र. 700) **महन्त रामसुन्दर दास** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) शिवरीनारायण से खरताल मार्ग का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य कब प्रारंभ हुआ एवं कब तक पूर्ण होगा ? (ख) क्या शिवरीनारायण से खरताल सड़क निर्माण के साथ-साथ पुल निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है ? यदि हां, तो पुल पुलिया की संख्या क्या है ? उक्त सड़क एवं पुल निर्माण हेतु निर्धारित सीमा समाप्त हो गयी है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) दिनांक 9-12-2005 को. दिनांक 31-3-2008 तक संभावित. (ख) जी नहीं. पुलों की संख्या निरंक है, पुलियों की संख्या-18, जी हां.

भोरमदेव शक्कर कारखाने में हुई अनियमितता की जांच एवं कार्यवाही

11. ( *क्र. 797) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या भोरमदेव शक्कर कारखाना कवर्धा (कबीरधाम) के स्थापना एवं मशीनरी, अन्य सामग्री खरीदी में हुई अनियमितता की जांच रिपोर्ट शासन को प्राप्त हुई है ? (ख) यदि हां, तो जांच रिपोर्ट में जांच के क्या निष्कर्ष हैं ? (ग) जांच रिपोर्ट में किन-किन अधिकारियों/कर्मचारियों को दोषी ठहराया गया है, उनके नाम पदनाम सहित ब्यौरा दें ? यह भी बतावें कि दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? नहीं तो क्यों ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) जी हां. (ख) प्रकरण की जांच तत्कालीन सचिव, छ. ग. शासन, सहकारिता द्वारा की गई थी. जांच रिपोर्ट में उनके द्वारा सिविल कार्य, मशीनरी का वास्तविक रूप से जांच, मुख्य तकनीकी परीक्षक रायपुर से कराने का सुझाव दिया गया था. मुख्य तकनीकी परीक्षक द्वारा तकनीकी बिन्दुओं की जांच में भूमि की सेफ बीयरिंग कैपेसिटी की गणना, सेल्फ टेस्टिंग, निर्माणकार्य में अनावश्यक खर्च करना, प्राक्कलन में अनावश्यक प्रावधान करना, कतिपय कार्य बिना टेण्डर के करना, ठेकेदार को अधिक भुगतान करना, परफार्मेन्स गारंटी को अनियमित रूप से वापसी, प्लांट एवं मशीनरी क्रय में अनियमितता करना पाया गया है. (ग) जांच में दोषी पाये गये

† परिशिष्ट ''पांच''

†† परिशिष्ट ''छ:''

अधिकारि/कर्मचारी एवं संस्थाओं के नाम, पदनाम एवं की गई कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | नाम | पदनाम | कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री के. एन. काण्डे | सहायक पंजीयक, तत्कालीन प्रबंध संचालक. | स्पष्टीकरण मांगा गया है. |
| 2. | श्री एन. आर. के. चंद्रवंशी | सहायक पंजीयक, तत्कालीन प्रबंध संचालक. | स्पष्टीकरण मांगा गया है. |
| 3. | श्री डी. एस. दीवान | वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, तत्कालीन महाप्रबंधक (वित्त). | विभागीय जांच संस्थित की गई है. |
| 4. | मेसर्स एस. एस. इंजिनियर्स पुणे. | ठेकेदार | वैधानिक कार्यवाही हेतु पंजीयक एवं प्रबंध संचालक भोरमदेव शक्कर कारखाना को पत्र लिखा गया. |
| 5. | श्री प्रमोद जोशी | आर्किटेक्ट कंसलटेंट | वैधानिक कार्यवाही हेतु पंजीयक एवं प्रबंध संचालक भोरमदेव शक्कर कारखाना को पत्र लिखा गया. |
| 6. | राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ, लिमि. नई दिल्ली. | तकनीकी सलाहकार | वैधानिक कार्यवाही हेतु पंजीयक एवं प्रबंध संचालक भोरमदेव शक्कर कारखाना को पत्र लिखा गया. |

## रामपुर जलाशय योजना से सिंचित रकबा

12. ( *क्र. 386 ) **श्री बोधराम कंवर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले की रामपुर जलाशय योजना की प्रशासकीय स्वीकृति कब प्रदान की गई ? योजना की लागत कितनी है तथा इससे कौन-कौन से ग्रामों में सिंचाई की सुविधा होगी ? इसकी कुल सिंचाई क्षमता कितनी है ? (ख) क्या यह सही है कि इस योजना की तकनीकी स्वीकृति जारी हो गई है ? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो कब तक जारी की जाएंगी ? (ग) इस योजना से कितनी वन भूमि प्रभावित हो रही है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) कोरबा जिले के रामपुर जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 28-4-2005 को प्रदान की गयी है. योजना की अनुमानित लागत रुपये 1800.82 लाख है. इस योजना से † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित 16 ग्रामों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी. योजना से 1700 हेक्टेयर खरीफ तथा 304 हेक्टेयर रबी इस प्रकार कुल 2004 हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई प्रस्तावित है. (ख) जी नहीं. योजना की तकनीकी स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. योजना को वन विभाग से प्रथम चरण सैद्धांतिक सहमति प्राप्त होते ही तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी जावेगी. (ग) रामपुर जलाशय योजना से 65.00 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित हो रही है.

## सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण की स्थिति

13. ( *क्र. 483 ) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 के बजट में जरहागांव विधान सभा क्षेत्र में कितने सड़क एवं पुल-पुलिया को सम्मिलित किया गया तथा कितने की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है ? (ख) कितनी सड़कों एवं पुल-पुलिया में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा कितने के कार्य पूर्ण हो गये हैं ?

† परिशिष्ट "सात"

राज्यमंत्री, लोक निर्माण ( श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" में है.

विभाग द्वारा कंबल क्रय की जानकारी

14. ( *क्र. 712) **श्री भूपेश बघेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विभाग में पुलिस एवं होमगार्ड ने वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 में किन-किन फर्मों से कितनी-कितनी राशि के कंबल क्रय किए ? (ख) उक्त क्रय हेतु निविदा के तहत किन-किन फर्मों ने क्या-क्या दरें दी थी ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) वर्ष 2005-06 में पुलिस विभाग द्वारा मे. स्वास्तिक वूलन मिल्स, पानीपत से 17,54,540 रुपये के, होमगार्ड विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर से 11,98,854 रुपये के तथा वर्ष 2006-07 में पुलिस विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर से 42,77,492 रुपये के कंबल क्रय किए गये हैं. (ख) वर्ष 2005-06 में पुलिस विभाग द्वारा कंबल क्रय हेतु आमंत्रित निविदा में न्यू इण्डिया वूलन मिल्स अमृतसर द्वारा 297 रुपये, स्वास्तिक वूलन मिल्स पानीपत द्वारा 185 रुपये, श्रीकृष्ण इंडस्ट्रीज सरगुजा द्वारा 234 रुपये, इंडस्ट्रीज इंडिया काम्पलेक्स पटना द्वारा 214 रुपये, महामाया उद्योग, रायपुर द्वारा 274 रुपये एवं अपेरेल्स इण्डिया, जयपुर द्वारा 187 रुपये की दर प्रस्तुत की गयी थी. वर्ष 2005-06 में होमगार्ड एवं वर्ष 2006-07 में पुलिस विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर से कंबल क्रय करने के कारण निविदा आमंत्रित नहीं की गयी.

श्री विनायका गृह निर्माण समिति के प्रबंधकों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

15. ( *क्र. 684) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर द्वारा अपने पत्र दिनांक 10-5-2005 एवं 13-6-2005 के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर को एवं विभाग के परिसमापक द्वारा दिनांक 24-10-05 को श्री विनायका गृह निर्माण समिति मर्या, रायपुर के प्रबंधकों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने एवं कानूनी कार्यवाही करने हेतु शिकायत पत्र दिया है ? (ख) यदि हां तो पुलिस विभाग द्वारा इन शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) जी नहीं. संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर द्वारा दिनांक 10-5-2005 एवं 13-6-2005 के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर एवं परिसमापक द्वारा दिनांक 24-10-2005 को थाना दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर को श्री विनायका गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्री संजय पाण्डे के विरुद्ध अपराध पंजीकृत करने शिकायत पत्र दिया गया है. उक्त शिकायत प्रबंधकों के विरुद्ध नहीं है ? (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

कोरबा जिले में बलात्कार, हत्या तथा दुर्घटना के पंजीबद्ध प्रकरण

16. ( *क्र. 518) **श्री रामदयाल उइके :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में 1 जनवरी, 2006 से 30 मई 2007 की अवधि में बलात्कार, हत्या एवं वाहन दुर्घटना के कितने-कितने प्रकरण दर्ज हुए ? थानावार जानकारी दें ? (ख) क्या वाहन दुर्घटना के सभी मामलों में न्यायालय में चालान पेश कर दिया गया है ? यदि हां, तो कब-कब ? यदि नहीं, तो किन-किन में नहीं ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

खारंग जल संसाधन संभाग द्वारा स्टापडेम का निर्माण

17. ( *क्र. 767) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या बिलासपुर जिले के अंतर्गत खारंग जल संसाधन संभाग के द्वारा अरपा नदी पर दो मुहानी एनीकट, पोंडी एनीकट एवं खारंग नदी पर घिल्हारी स्टाप डेम का निर्माण कार्य किया जा रहा है, यदि हां, तो प्रत्येक योजना की एनीकट की ऊंचाई, लम्बाई एवं लागत राशि कितनी-कितनी है ?

† परिशिष्ट "आठ"

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : जी हां. प्रत्येक योजना की ऊंचाई-लम्बाई एवं लागत निम्नानुसार है :—

| स.क्र. | योजना का नाम | ऊंचाई | लम्बाई | लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दो मुहानी एनीकट | 4.00 मीटर | 150 मीटर | रु. 350.29 लाख |
| 2. | पोंडी एनीकट | 3.50 मीटर | 160 मीटर | रु. 535.23 लाख |
| 3. | चल्हाटी स्टापडेम | 2.60 मीटर | 88 मीटर | रु. 19.97 लाख |

माण्ड डायवर्सन योजनांतर्गत अधिग्रहित जमीन का मुआवजा

18. (*क्र. 61) **श्री नोवेल कुमार वर्मा** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विकासखण्ड डभरा जिला जांजगीर-चांपा में माण्ड डायवर्सन योजना अंतर्गत नहर निर्माण हेतु कितने प्रकरण मुआवजा हेतु लंबित है ? (ख) कंडिका ''क'' के लंबित मुआवजा प्रकरणों के निराकरण हेतु भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत कब विज्ञापन प्रकाशन किया गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव ) : (क) विकासखण्ड-डभरा, जिला-जांजगीर-चांपा में माण्ड डायवर्सन योजना अंतर्गत नहर निर्माण हेतु कुल 89 भू-अर्जन प्रकरणों में से 37 भू-अर्जन प्रकरणों का अवार्ड पारित होना शेष है, जिनके निराकरण की कार्यवाही भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रक्रियाधीन है. एक प्रकरण में भूमि शासकीय होने के कारण भू-अर्जन की आवश्यकता नहीं होने से खारिज किया गया है. शेष बचे 51 प्रकरणों का निराकरण कर रु. 1,36,34,777 का अवार्ड पारित हो चुका है, जिनमें से रु. 47,00,000 का भुगतान हो चुका है एवं शेष राशि के भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. लंबित प्रकरणों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) कंडिका ''क'' के लंबित मुआवजा प्रकरणों के निराकरण हेतु भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत विज्ञापन प्रकाशन की तिथि † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

एस. पी. ओ. भर्ती हेतु आयु सीमा एवं निर्धारित योग्यता

19. (*क्र. 431) **श्री नन्दकुमार पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 से दिनांक 22-6-2007 तक बस्तर, जगदलपुर क्षेत्र में राहत शिविरों में सुरक्षा हेतु विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कितने युवकों की नियुक्ति की गई है ? (ख) एस. पी. ओ. भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया क्या रही है ? भर्ती के लिए आवश्यक न्यूनतम आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता एवं क्या शर्तें निर्धारित की गई थी ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

निष्पादित एम. ओ. यू. के अनुसार उद्योगों का निर्माण एवं उत्पादन

20. (*क्र. 650) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 1-1-2004 से 20-6-2007 तक की अवधि में प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु कितने एम. ओ. यू. किए गए ? उद्योग का नाम, प्रस्तावित स्थान, लागत सहित जानकारी देवें ? (ख) क्या उपरोक्त अवधि में किए गए एम. ओ. यू. में उद्योगों का निर्माण कार्य एवं उत्पादन कार्य प्रारंभ करने के लिए अंतिम समय सीमा तक की गई ? यदि हां, तो जानकारी देवें. (ग) प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अवधि में किए गए एम. ओ. यू. में से कितने उद्योगों में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) वर्ष 1-1-2004 से 20-6-2007 तक की अवधि में प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु 60 एम. ओ. यू. निष्पादित किए गए, जिनके नाम, प्रस्तावित स्थान, लागत की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र ''अ'' में दर्शित है. (ख) एम. ओ. यू. में परियोजना का क्रियान्वयन प्रारंभ करने की समय सीमा 2 वर्ष तय की गई है. उत्पादन कार्य प्रारंभ करने की कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है. (ग) प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अवधि में किए गए एम. ओ. यू. में से 28 उद्योगों में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है जिसकी सूची †† संलग्न प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है.

---

† परिशिष्ट ''नौ'' †† परिशिष्ट ''दस''

हाईवे पेट्रोलिंग हेतु क्रय वाहन एवं उपलब्ध सुविधाएं

21. ( *क्र. 798 ) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) क्या राजधानी में हाईवे पेट्रोलिंग लागू की गई है ? यदि हां, तो कब से ? ( ख ) कंडिका "क" के कार्य के लिए कितने और कौन-कौन से वाहन खरीदे गए हैं, और कितने कर्मचारियों को संलग्न किया गया है ? ( ग ) हाईवे पेट्रोलिंग लागू होने के बाद 1 जनवरी, 2007 से 30 जून, 2007 तक कितनी दुर्घटनाओं में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : ( क ) जी हां. 2005-06 से. ( ख ) कंडिका "क" के कार्य के लिए 10 ( क्वालिस ) वाहन खरीदे गये हैं. हाईवे पेट्रोलिंग के प्रत्येक पार्टी में 01 सहायक उप निरीक्षक, 01 प्रधान आरक्षक एवं 04 आरक्षकों का बल लगाया गया है. ( ग ) 01 जनवरी, 2007 से 30 जून, 2007 तक दुर्घटना के सभी प्रकरणों में घायलों एवं मृतकों को तत्काल अस्पताल सुविधा उपलब्ध करायी गयी है.

श्री विनायका गृह निर्माण समिति का परिसमापन

22. ( *क्र. 685 ) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर स्थित श्री विनायका गृह निर्माण समिति, मर्यादित रायपुर का परिसमापन आदेश कब एवं किस अधिकारी द्वारा कौन-कौन सी अनियमितता सही पाए जाने के कारण किया गया ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : श्री विनायका गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर का परिसमापन आदेश दिनांक 21-3-2005 को श्री एल. एल. रावस्त, तत्कालीन उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर द्वारा किया गया है. संस्था का परिसमापन संस्था के पदाधिकारियों द्वारा अधिनियम, नियम, उपविधि के अनुरूप कार्य न करने, वर्ष 1997-98 के बाद अंकेक्षण न कराने, प्रबंध समिति का निर्वाचन न कराने से धारा 49(8) के अंतर्गत अधिग्रहण करने पर संस्था का रिकार्ड प्राधिकृत अधिकारी को नहीं सौंपने के कारण किया गया है.

---------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 794) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

राजीव-समोदा-निसदा व्यपवर्तन योजना के द्वितीय चरण के नहर निर्माण हेतु अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का विवरण

| स. क्र. | ग्राम का नाम | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | रानीसागर | 18.68 |
| 2. | बनरसी | 20.53 |
| 3. | तुलसी | 23.49 |
| 4. | रसोटा | 3.74 |
| 5. | आमोदी | 5.092 |
| 6. | केसला | 11.93 |
| 7. | धीराभाटा | 14.03 |
| 8. | अमसेना | 23.62 |
| 9. | मोहगांव | 15.458 |
| 10. | बोहारडीह | 8.153 |
| 11. | सहड़ा | 3.29 |
| 12. | हरिनभट्ठा | 5.318 |
| 13. | कुंची | 10.514 |
| 14. | लटेरा | 16.338 |
| 15. | तेलासी | 33.50 |
| 16. | सुन्दरावन | 7.20 |
| 17. | सिरसदेवरी | 21.799 |
| 18. | बटगन | 24.919 |
| 19. | ओड़ान | 26.20 |
| 20. | टिपावन | 9.876 |
| 21. | लकड़िया | 2.309 |
| 22. | बलोदी | 3.459 |
| 23. | चोईरडीह (चोरहाडीह) | 12.88 |
| 24. | खपरी | 7.20 |
| 25. | रोहासी | 19.70 |
| 26. | सीतापार | 3.25 |
| 27. | अहमदपुर | 3.00 |
| 28. | कानाकोट | 8.10 |
| 29. | सलोनी | 13.14 |
| 30. | जामडीह | 4.32 |
| 31. | धरसिंवा | 12.80 |
| 32. | कोहरौद | 4.32 |
| 33. | चिरपोटा | 6.40 |
| 34. | मुंडा | 3.84 |
| | योग | 408.995 |

प्रपत्र "ब"

( भाग-1 )

राजीव-समोदा-निसदा व्यपवर्तन योजना के द्वितीय चरण के नहर निर्माण हेतु निम्न ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है.

| स. क्र. | ग्राम का नाम |
|---|---|
| 1. | रानीसागर |
| 2. | रसौटा |
| 3. | केसला |
| 4. | सहड़ा |
| 5. | कुंची |
| 6. | हरिनभट्ठा |
| 7. | चोहारडिह |
| 8. | लटेरा |

( भाग-2 )

राजीव-समोदा-निसदा व्यपवर्तन योजना द्वितीय चरण के नहर निर्माण हेतु निम्न ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य आंशिक रूप से पूर्ण कर लिया गया है.

| स. क्र. | ग्राम का नाम |
|---|---|
| 1. | अमसेना |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 60) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**नाबालिग बच्चों एवं लड़कियों के गुमशुदा/अपहरण की जानकारी**

| क्र. | जिला | गुमशुदा | | अपहरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बच्चे | लड़कियां | बच्चे | लड़कियां |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | रायगढ़ | 49 | 85 | 00 | 11 |
| 2. | जशपुर | 16 | 43 | 00 | 02 |
| 3. | सरगुजा | 39 | 99 | 00 | 16 |
| 4. | कोरबा | 41 | 63 | 00 | 10 |

प्रपत्र "ब"

**नाबालिग बच्चों/लड़कियों के गुमशुदा को खोजने में सफलता की जानकारी**

| क्र. | जिला | गुमशुदा | | अपहरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बच्चे | लड़कियां | बच्चे | लड़कियां |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | रायगढ़ | 41 | 66 | 00 | 07 |
| 2. | जशपुर | 12 | 29 | 00 | 01 |
| 3. | सरगुजा | 32 | 76 | 00 | 13 |
| 4. | कोरबा | 33 | 48 | 00 | 10 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 430) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

| क्र. | कार्य का नाम | प्रशासकीय स्वीकृति की राशि/दिनांक | पूर्ण | प्रगति | अप्रारंभ | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | सहसपुरी-धनगांव मार्ग पर माण्ड नदी पर पुल निर्माण. | 508.51<br>26-02-07 | - | - | 1 | द्वितीय बार निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है. |
| 2. | राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200 के कि. मी. 270 से 284-15.00 कि. मी. में टो लेन चौड़ीकरण का कार्य. | 969.46<br>15-03-2007 | - | - | 1 | कार्यादेश दिनांक 29-06-07 को दिया गया, वर्षा ऋतु के पश्चात् कार्य प्रारंभ किया जावेगा. |
| 3. | राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200 के कि. मी. 255/8, 256/10, 257/4, 257/6 (अ), 257/6 (ब), 257/10-06 नग पुलियों का पुनर्निर्माण कार्य. | 62.00<br>17-11-2006 | - | 1 | - | 3 नग पुलिया कार्य प्रगति पर है. 3 नग पुलियों का व्यपवर्तन कार्य प्रगति पर है. |
| 4. | सरवानी सुती पतरापाली मार्ग लं. 4.80 कि. मी. | 81.43<br>18-01-07 | - | 1 | - | - |
| 5. | बसनाझर-सराईपाली भालूचुंवा रानीसागर मार्ग लं. 7.20 कि. मी. | 79.16<br>21-07-06 | - | 1 | - | - |
| 6. | बोकरामुड़ा-बैसपाली मार्ग लं. 6.20 का चौड़ीकरण. | 33.56<br>21-07-06 | 1 | - | - | - |
| 7. | रायगढ़ खरसिया मार्ग से केराझर पहुंच मार्ग लं. 0.60 कि. मी. | 7.04<br>09-01-07 | 1 | - | - | - |
| 8. | रायगढ़ खरसिया मार्ग से गढ़कुरी पहुंच मार्ग लं. 0.55 कि. मी. | 5.35<br>21-07-06 | 1 | - | - | - |
| 9. | रायगढ़ खरसिया मार्ग से कुशवाबहरी पहुंच मार्ग लं. 0.60 कि. मी. | 8.14<br>21-07-06 | 1 | - | - | - |
| 10. | नंदेली मुख्य मार्ग से भद्रापाली पहुंच मार्ग लं.10.30 | 14.62<br>04-08-06 | 1 | - | - | - |
| 11. | धनागर बनसिया मार्ग का उन्नयन लं. 2.40 कि. मी. | 29.81<br>22-07-06 | 1 | - | - | - |
| 12. | पटेलपाली से सांगीतराई मार्ग का उन्नयन लं. 2.40 कि. मी. | 26.49<br>03-08-06 | - | 1 | - | - |
| 13. | कांसीचुंवा से पण्डरीपानी कोड़तराई मार्ग लं. 3.40 कि. मी. | 43.27<br>06-11-06 | - | 1 | - | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14. | साल्हेपाली से नवरंगपुर नंदेली पेण्ड्रवा मार्ग लं. 2.70 कि. मी. | 39.77<br>06-11-06 | 1 | - | - | - |
| 15. | रायगढ़ खरसिया मार्ग के कि. मी. 64/6 से 68/8 तक चौड़ीकरण एवं डामरीकरण लं. 1.35 कि. मी. | 54.55<br>31-01-07 | - | 1 | - | - |
| 16. | धरमजयगढ़ खरसिया मार्ग लं. 7.00 कि. मी. (51 से 57) का चौड़ीकरण. | 33.80<br>28-08-06 | 1 | - | - | - |
| 17. | नंदेली पेण्ड्रवा मार्ग से मौहापाली पहुँच मार्ग लं. 1.00 कि. मी. | 10.33<br>28-08-06 | 1 | - | - | - |
| | योग - 17 कार्य | 2007.32 | 9 | 6 | 2 | - |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 746) के भाग (ख) की जानकारी ]

**Details of DPRs Submitted**

| क्र. | मार्ग का नाम | Name of Section | प्रतिदिन वाहनों का घनत्व | Projected Million Standard Axles (MSA) | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | भाटापारा से बलौदाबाजार लं. 25.00 कि. मी. | Km. 0.0 Km. 25.00 (Bhatapara to Baloda Bazar) | 4587 | 22.54 | |
| 2. | अभनपुर से तरीघाट उतई मार्ग लं. 43.00 कि. मी. | (i) Km. 0.0 Km. 22.00 (Abhanpur to Patan) | 3417 | 11.470 | |
| | | (ii) Km. 22.0 Km. 37.00 (Patan to Selud) | 6509 | 20.00 | |
| | | (iii) Km. 37.0 Km. 43.00 (Selud to Utai) | | 36.47 | |
| 3. | कसडोल से शिवरीनारायण बिर्रा चांपा मार्ग लं. 78.30 कि. मी. | (i) Km. 0.00 to Km. 23.00 (Kasdol-Sivirinarayan) | 4583 | 7.400 | |
| | | (ii) Km. 23.00 to Km. 44.500 (Sivirinarayan-Birra) | 2504 | 1.130 | |
| | | (iii) Km. 44.500 to Km. 78.300 (Birra-Champa) | 5017 | 3.930 | |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 665) के भाग (ग) की जानकारी ]

### सिविलदाग बांध हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा की जानकारी

#### ग्राम-सिविलदाग

| स. क्र. (1) | भूमि स्वामी का नाम (2) | अर्जित हे. में (3) | स. क्र. (1) | भूमि स्वामी का नाम (2) | अर्जित हे. में (3) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किनु पिता शिवनाथ, जाति-घासी | 2.548 | 35. | हर्रा पिता लच्छू, जाति-बरगाह | 0.328 |
| 2. | करटू पिता भाकुड़, जाति-भुईहर | 0.131 | 36. | दिलेश्वर पिता लच्छू, जाति-बरगाह | 0.328 |
| 3. | प्रभु पिता भरोसा, जाति-चमार | 0.15 | 37. | प्रमेश्वर पिता लच्छू, जाति-बरगाह | 0.329 |
| 4. | परमेश्वर पिता कन्हाई, जाति-उरांव | 0.06 | 38. | देवनाथ पिता मखलु, जाति-उरांव | 0.162 |
| 5. | बसंती देवी पति भरत, जाति-उरांव | 0.626 | 39. | भागीरथी पिता परशु, जाति-घांसी | 0.732 |
| 6. | तेतरू पिता मुन्ना, जाति-बरगाह | 0.200 | 40. | परसनाथ पिता मगरु जाति-भुईहर | 0.295 |
| 7. | भयकरन पिता सहोबुत, जाति-घांसी | 0.494 | 41. | रामजीराम पिता बिगन, जाति-गड़ेरी | 0.692 |
| 8. | भदई राम पिता मिलगी, जाति-उरांव | 0.190 | 42. | लखन पिता जन्नु, जाति-बरगाह | 0.232 |
| 9. | बोलवा पिता भिखु, जाति-उरांव | 1.473 | 43. | महरू पिता लाधु, जाति-भुईहर | 0.284 |
| 10. | भदई राम पिता भुखला, जाति-उरांव | 0.405 | 44. | सबूर पिता हेसु, जाति-घांसी | 0.297 |
| 11. | विनोद पिता रामप्रसाद, जाति-घांसी | 1.881 | 45. | खसरू पिता तेतरू, जाति-चिकवा | 0.130 |
| 12. | तारादेवी पति जोझाराम, जाति-उरांव | 0.964 | 46. | मांडूल पिता रामधनी जाति-बरगाह | 0.789 |
| 13. | रामलखन पिता सोरठी, जाति-उरांव | 2.776 | 47. | ठिबू पिता भड़भड़िया जाति-नगेसिया | 0.370 |
| 14. | भोये पिता सोनसाय, जाति-उरांव | 0.090 | 48. | फुलजेन्स पिता बग्गू जाति-उरांव | 0.182 |
| 15. | दिनेश्वर पिता चोटी, जाति-उरांव | 0.380 | 49. | रूप साय पिता लोचन जाति-नगेसिया | 0.430 |
| 16. | बैजनाथ पिता लाल, जाति-उरांव | 1.295 | 50. | पुफ्ला पिता जेठू जाति-उरांव | 0.060 |
| 17. | मांगा पिता सुद्धू, जाति-उरांव | 0.737 | 51. | गरजूराम पिता महादेव, जाति-नगेसिया | 0.405 |
| 18. | मरियस पिता मंगल, जाति-उरांव | 0.141 | 52. | झलली पुत्री गुजरा, जाति-उरांव | 0.190 |
| 19. | भुखला पिता भिखु, जाति-उरांव | 0.514 | 53. | सहेन्द्र राम पिता लाधु, जाति-भुईहर | 0.050 |
| 20. | लिटु पिता सुखिया जाति-उरांव | 0.320 | 54. | सुखना पिता जन्नु, जाति-उरांव | 0.405 |
| 21. | अलोक कुमार पिता सुरेश, जाति-उरांव | 0.570 | 55. | गोदमा पिता दसई जाति-उरांव | 0.020 |
| 22. | नारायण पिता बज्जु, जाति-उरांव | 0.339 | 56. | गोहना पिता पहुना, जाति-उरांव | 0.030 |
| 23. | प्रेमसाय पिता गुठल, जाति-उरांव | 0.255 | 57. | जयराम पिता गन्दूरा जाति-उरांव | 0.040 |
| 24. | धनसाय पिता बाया, जाति-उरांव | 0.348 | 58. | बेचनराम पिता लोहरा, जाति-बरगाह | 0.060 |
| 25. | मुकुन्द पिता कलिन्दर, जाति-घांसी | 0.291 | 59. | टिपु पिता बैध, भुलो बेवा, जाति-बरगाह | 0.090 |
| 26. | गोविन्द पिता कलिन्दर जाति-घांसी | 0.137 | 60. | सुरेन्द्र पिता देशु, जाति-घांसी | 0.080 |
| 27. | दिलवर पिता कलिन्दर जाति-घांसी | 0.321 | 61. | खोसो पिता गड़वा, जाति-घांसी | 0.030 |
| 28. | जकली पुत्री जतन, जाति-भुईहर | 1.252 | 62. | मुकुन्द पिता कलिन्दर, जाति-घांसी | 0.331 |
| 29. | मनोज पिता सत्यप्रकाश जाति-उरांव | 0.174 | 63. | उदयराम पिता कलिन्दर, जाति-घांसी | 0.134 |
| 30. | अघनी-सघनी पुत्री तुरा , जाति-उरांव | 0.061 | 64. | भागवती पिता सुखदेव | 0.284 |
| 31. | चन्दूर पिता सुखिया, जाति-उरांव | 0.166 | | | |
| 32. | गोला मिंज पति लाल साय, जाति-उरांव | 0.92 | | | |
| 33. | गगहारी पुत्री लाल साय, जाति-बरगाह | 0.506 | | | |
| 34. | गर्रा पिता लच्छू जाति-बरगाह | 0.427 | | | |

## परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 649) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

दुर्ग जिले में वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2006-07 में आवंटित एवं व्यय की राशि का विवरण :—

| क्र. सं. | संभाग का नाम | वृहद योजना | | मध्यम योजना | | लघु योजना | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटित राशि | व्यय राशि | आवंटित राशि | व्यय राशि | आवंटित राशि | व्यय राशि | आवंटित राशि | व्यय राशि |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | तांदुला संभाग | 1449.20 | 1449.24 | - | - | 2546.24 | 2404.57 | 3995.44 | 3853.81 |
| 2. | खरखरा संभाग | - | - | 2844.00 | 1652.81 | 900.00 | 458.31 | 3744.00 | 2111.12 |
| 3. | बेमेतरा संभाग | - | - | - | - | 1442.50 | 1396.14 | 1442.50 | 1396.14 |
| 4. | वि./या. सा. म. संभाग | - | - | - | - | 5.00 | 1.43 | 5.00 | 1.43 |
| | **योग** | **1449.20** | **1449.24** | **2844.00** | **1652.81** | **4893.74** | **4260.45** | **9186.94** | **7362.50** |

प्रपत्र "ब"

दुर्ग जिले में वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के मरम्मत कार्य हेतु वर्ष 2006-07 में आवंटित एवं व्यय की राशि का विवरण :—

| स. क्र. | संभाग का नाम | वृहद योजना | | मध्यम योजना | | लघु योजना | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटित राशि | व्यय राशि | आवंटित राशि | व्यय राशि | आवंटित राशि | व्यय राशि | आवंटित राशि | व्यय राशि |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | तांदुला संभाग | 20.00 | 18.17 | 3.20 | 3.20 | 24.00 | 22.51 | 47.20 | 43.88 |
| 2. | खरखरा संभाग | - | - | 22.10 | 16.16 | 38.60 | 24.88 | 60.70 | 41.04 |
| 3. | बेमेतरा संभाग | - | - | - | - | 13.70 | 13.64 | 13.70 | 13.64 |
| 4. | वि./या. ला. म. संभाग | 10.00 | 10.00 | 3.50 | 3.50 | 37.20 | 37.20 | 50.70 | 50.70 |
| | **योग** | **30.00** | **28.17** | **28.80** | **22.86** | **113.50** | **98.23** | **172.30** | **149.26** |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 386) के भाग (क) की जानकारी ]

## रामपुर जलाशय से सिंचाई हेतु प्रस्तावित ग्रामों की सूची

| क्र. | विकासखण्ड | ग्राम का नाम | प्रस्तावित सिंचाई हेक्टेयर में खरीफ | रबी | योग | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | कटघोरा | महेशपुर | 108 | 36 | 144 | |
| 2. | कटघोरा | नवागांव | 129 | 43 | 172 | |
| 3. | कटघोरा | कटघोरा (छिर्रा) | 129 | 57 | 186 | |
| 4. | कटघोरा | हुंकरा (मुड़ाभाठा) | 189 | 62 | 251 | |
| 5. | कटघोरा | धवाईपुर (देहानपारा, नवापारा) | 125 | 45 | 170 | |
| 6. | कटघोरा | डुड़गा | 48 | 16 | 64 | |
| 7. | कटघोरा | जेंजरा (पतरापाली) | 193 | 31 | 224 | |
| 8. | कटघोरा | गंगापुर | 60 | - | 60 | |
| 9. | कटघोरा | बिसनपुर | 117 | - | 117 | |
| 10. | कटघोरा | सलोरा | 205 | - | 205 | |
| | **योग** | **10 ग्राम** | **1303** | **290** | **1593** | |
| 11. | पोड़ी उपरोड़ा | रामपुर | 20 | 14 | 34 | |
| 12. | पोड़ी उपरोड़ा | डगनिया | 5 | - | 5 | |
| 13. | पोड़ी उपरोड़ा | धरीपखना | 98 | - | 98 | |
| 14. | पोड़ी उपरोड़ा | भुचापुर (नवापारा) | 110 | - | 110 | |
| 15. | पोड़ी उपरोड़ा | केनाडाड़ | 30 | - | 30 | |
| 16. | पोड़ी उपरोड़ा | दर्राभाठा | 134 | - | 134 | |
| | **योग** | **06 ग्राम** | **397** | **14** | **411** | |
| | योग | 16 ग्राम | 1700 | 304 | 2004 | |

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 483) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

## सड़क एवं पुल पुलियों की प्रशासकीय स्वीकृति

| क्र. | मांग संख्या | बजट मद क्रमांक | कार्य का नाम एवं लंबाई | प्रशा. स्वी. की राशि एवं दिनांक | स्वीकृत पुलियों की संख्या | कार्य की अद्यतन प्रगति पूर्ण/ प्रगति/ अप्रारंभ | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | 24-5054 मु. जि. मार्ग | 2529 | देवरहट से लालपुर मार्ग निर्माण लं. 8.00 कि. मी. | 39.73 12-8-98 | 3 नग | प्रगति पर पुलिया 1 पूर्ण, 2 प्रगति. | - |
| 2. | -तदैव- | 2530 | तेलियापुरान मसना मसनी मार्ग का निर्माण. लंबाई 3.30 कि.मी. | 12.96 14-4-98 | 5 नग | कार्य पूर्ण पुलिया 5 पूर्ण. | - |
| 3. | -तदैव- | 2531 | गंगद्वारी पथरिया छिन्दभोग मार्ग का निर्माण. लंबाई 17.30 कि.मी. | 72.12 20-8-98 | 22 नग | कार्य पूर्ण पुलिया 22 पूर्ण. | - |
| 4. | 24-5054 न्यु. आ. कार्य. | 3013 | चिरहुला पथरिया मार्ग का मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य. लं. 15.20 कि.मी. | 255.50 5-10-05 | 8 नग | प्रगति पर पुलिया 8 प्रगति पर. | - |
| 5. | -तदैव- | 3014 | सरगांव पथरिया मार्ग का मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य. लं. 20.60 कि. मी. | 459.28 10-5-06 | 22 नग | प्रगति पर पुलिया 10 पूर्ण, 12 प्रगति. | - |
| 6. | -तदैव- | 3016 | धरमपुरा से हथनीकला मंदिर तक एवं जगताकापा मार्ग का उन्नतिकरण. लं. 3.20 कि. मी. | 29.07 16-3-05 | - | कार्य पूर्ण | - |
| 7. | 64-5054 अनु. जा. बाहु. | 4519 | मोतिमपुर पहुंच मार्ग का निर्माण द्वितीय श्रेणी लंबाई 2.00 कि.मी. | 4.77 29-8-89 | 6 नग | कार्य पूर्ण पुलिया 6 पूर्ण. | - |
| 8. | -तदैव- | 4532 | पकरिया चंदली झुलनाकला धरदेई मार्ग लंबाई 8.00 कि. मी. | 154.92 12-5-06 | 18 नग | - | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा प्रगति पर. |
| 9. | -तदैव- | 4540 | तखतपुर कुकुसदा मार्ग का उन्नतिकरण व डामरीकरण लंबाई-15.00 कि. मी. | 176.87 27-4-06 | 18 नग | प्रगति पर. पुलिया 14 पूर्ण, 4 प्रगति. | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | 76–5054 ए. डी. बी. | 3246 | बिलासपुर, मुंगेली, पण्डरिया, कवर्धा, पोडी मार्ग का उन्नयन एवं डामरीकरण. लं. 51.00 कि. मी. (जरहागांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 14 कि. मी.) | 9002.86 4–2–06 जरहागांव विधान सभा के अंतर्गत रु. 1373.00 | 20 नग | प्रगति पर | – |
| 11. | 24–5054 ग्रामीण मार्ग | 2433 | डी–1 नहर में डब्ल्यू. बी. एम. मार्ग का निर्माण. लंबाई 21 कि. मी. | – | – | – | वित्त विभाग की सहमति नहीं है. |
| 12. | 24–5054 वृहद पुल | 1859 | लछनपुर से टेंगनागढ़ मार्ग के बीच आगर नदी पर पुल निर्माण. | – | – | – | प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रचलित. |
| 13. | 64–5054 अनु. जा. बाहु. | 4659 | सारंगपुर से सावंतपुर मार्ग का निर्माण. लंबाई 3.00 कि. मी. | – | – | – | --,,-- |
| 14. | -तदैव- | 4660 | सकेत से परसिया मार्ग का निर्माण लंबाई 2.00 कि. मी. | – | – | – | --,,-- |
| 15. | -तदैव- | 4667 | जरहागांव, पथरिया मार्ग के कि. मी. 4 एवं 5 लंबाई 2.00 कि.मी. | – | – | – | --,,-- |
| 16. | -तदैव- | 4669 | तखतपुर पथरिया मार्ग के खम्हरिया से तराईकापा मार्ग. लंबाई 3.00 कि. मी. | – | – | – | --,,-- |
| 17. | 64–5054 अनु. जा. बाहु. | 4658 | कुकुसदा से पड़ियाईन मार्ग. लंबाई 10.00 कि. मी. | – | – | – | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल. |
| 18. | -तदैव- | 4668 | तखतपुर कुकुसदा मार्ग का उन्नतिकरण व डामरीकरण लंबाई 5.00 कि. मी. | – | – | – | बजट मद क्र.- 4540 की पुनरावृत्ति. |

प्रपत्र "ब"

**जरहागांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2006-07 के बजट में सम्मिलित कार्यों की जानकारी**

| स. क्र. | व. म. क्र./ प्रावधान (लाख में) | जिला/विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक | वास्तविक लागत | कार्य की वर्तमान स्थिति | | कार्य की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | भौतिक | वित्तीय | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | 1954/10.00 | बिलासपुर/जरहागांव | जगतकापा से चंद्रगढ़ी के बीच आगर नदी पर पुल निर्माण. | रु. 49.95 लाख दि. 9-1-03 | 50.00 | कार्य पूर्ण | 42.12 | कार्य पूर्ण |
| 2. | 1955/10.00 | बिलासपुर/जरहागांव | मझेरटा से मुण्डादेवरी के बीच आगर नदी पर पुल निर्माण. | रु. 48.16 लाख दि. 31-12-02 | 49.00 | कार्य पूर्ण | 39.91 | कार्य पूर्ण |
| 3. | 1759/20.00 | बिलासपुर/जरहागांव | गांधीनगर-सोढ़हर से जगताकापा मार्ग पर आगर नदी पर पुल निर्माण. | रु. 68.67 दि. 16-3-05 | 69.00 | कार्य पूर्ण | 74.18 | कार्य पूर्ण |
| 4. | 1777/10.00 | बिलासपुर/जरहागांव | बरदुली टोनहीचुवा के बीच रहन नाला पर पुल निर्माण. | रु. 29.74 लाख दि. 28-3-2006 | 30.00 | कार्य प्रगति पर | 14.39 | कार्य प्रगति पर |
| 5. | 1854/20.00 | बिलासपुर/जरहागांव | पथरिया-कछारधार मार्ग पर आगर नदी पर पुल निर्माण. | रु. 75.17 लाख दि. 19-12-06 | 76.00 | निविदा पर | 0.44 | निविदा पर |
| | **70.00** | | **05 कार्य** | **271.69** | **274.00** | | **171.04** | |

परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 61) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**माण्ड व्यपवर्तन योजना के लंबित भू-अर्जन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी**

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | ग्राम का नाम | नहर का नाम | धारा 4 का प्रकाशन दिनांक | धारा 6 का प्रकाशन दिनांक | प्रकरण की अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | 4/अ-82/04-05 | मेढ़ापाली | चन्द्रपुर वितरक नहर | 13-01-06 | 19-01-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 2. | 5/अ-82/05-06 | छवारीपाली | छवारीपाली माइनर | 16-2-07 | - | प्र. क्र./क.भू-अर्जन/दिनांक 28-12-06 को धारा 4 एवं धारा 6 राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है. |
| 3. | 03/अ-82/05-06 | खैरमुड़ा | माण्ड मुख्य नहर | 16-02-2007 | - | प्र. क्र./क.भू-अर्जन/दिनांक 12-1-07 को धारा 4 एवं धारा 6 राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है. |
| 4. | 39/अ-82/02-03 | पुटीडीह | पुटीडीह माइनर क्र. 1 | 12-02-2003 | 18-03-2005 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 5. | 11/अ-82/03-04 | बारापीर | मेढ़ापाली माइनर क्र. 2 | 02-03-07 | 16-03-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 6. | 1/अ-82/03-04 | बारापीर | मेढ़ापाली माइनर क्र. 1 | 02-03-07 | 16-03-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 7. | 48/अ-82/02-03 | जवाली | साराडीह माइनर | 02-03-07 | 25-05-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 8. | 15/अ-82/02-03 | बगरैल | बगरैल माइनर | 16-02-07 | 16-02-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 9. | 51/अ-82/02-03 | मिरौनी | मिरौनी माइनर क्र. 2 | 16-02-07 | 16-02-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 10. | 39/अ-82/02-03 | फिरारी | जवाली वितरक नहर | 11-12-04 | - | प. क्र. 500/भू-अर्जन/दिनांक 30-07-04 को धारा 6 राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है. |
| 11. | 25/अ-82/02-03 | रेड़ा | रेड़ा माइनर क्र. 1 | 16-02-07 | 16-02-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12. | 53/अ-82/02-03 | बिनौधा | बिनौधा माइनर एवं सुरसी माइनर | 16-02-07 | 16-02-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 13. | 15/अ-82/02-03 | बिलाईगढ़ | नवागांव माइनर | 16-02-07 | 16-02-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 14. | 03/अ-82/02-03 | बोरसी | बोरसी माइनर | 16-02-07 | 16-02-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 15. | 52/अ-82/02-03 | अमलडीहा | मुक्ता माइनर एवं सुरसी माइनर | 02-03-07 | 25-05-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 16. | 12/अ-82/03-04 | लटेसरा | कांसीडीह माइनर क्र. 1 | 02-02-07 | - | प. क्र. 471/भू-अर्जन/दिनांक 03-07-04 को धारा 6 राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है. |
| 17. | 48/अ-82/02-03 | पेण्डरूवां | बिनौधा माईनर एवं सुरसी माइनर | 02-02-07 | - | प. क्र. 473/भू-अर्जन/दिनांक 03-07-04 को धारा 6 राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है. |
| 18. | 37/अ-82/02-03 | मौहापाली | मौहापाली माइनर क्र. 1 | 02-02-07 | - | प. क्र. 475/भू-अर्जन/दिनांक 03-07-07 को धारा 6 राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है. |
| 19. | 13/अ-82/02-03 | रेडा | रेडा माइनर क्र. 2 | - | - | धारा 4 एवं 6 के अनुमोदन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को प्रस्तुत. |
| 20. | 01/अ-82/06-07 | सपोस | बगरैल माइनर | 16-02-07 | - | प. क्र. 61/भू-अर्जन/दिनांक 29-01-07 को धारा 4 एवं धारा 6 राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है. |
| 21. | 27/अ-82/02-03 | लटेसरा | मौहापाली माइनर | - | - | धारा 4 एवं 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 22. | 19/अ-82/02-03 | राधापुर | गोविन्दपुर माइनर | - | - | धारा 4 एवं 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 23. | 08/अ-82/03-04 | सपोस | बगरैल सब माइनर | 16-02-07 | - | धारा 4 एवं 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 24. | 06/अ-82/03-04 | सपोस | लटेसरा माइनर | - | - | धारा 4 एवं 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 25. | 60/अ-82/02-03 | खुरसिया | खुरसिया माइनर | - | - | धारा 4 एवं 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26. | 59/अ-82/02-03 | नवापारा | नवापारा माइनर क्र. 2 | - | - | धारा 4 एवं 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 27. | 20/अ-82/02-03 | सपोस | सपोस माइनर | 16-02-07 | 16-02-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 28. | 50/अ-82/02-03 | मुक्ता | मुक्ता माइनर एवं सुरसी माइनर. | 25-05-07 | 25-05-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 29. | 02/अ-82/06-07 | जवाली | जवाली माइनर क्र. 2 | 02-03-07 | 25-05-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 30. | 57/अ-82/02-03 | मड़वा | मड़वा माइनर | 02-03-07 | 25-05-07 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |
| 31. | 18/अ-82/03-04 | बाराघेघर | मेढापाली माइनर क्र. 3 | - | - | धारा 4 एवं 6 के अनुमोदन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को प्रस्तुत. |
| 32. | 05/अ-82/06-07 | किरारी | जवाली वितरक नहर एवं पुटीडीह माइनर क्र. 2 | - | - | धारा 4 एवं 6 के अनुमोदन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को प्रस्तुत. |
| 33. | 46/अ-82/02-03 | किरारी | किरारी माइनर क्र. 3 | 12-11-04 | - | धारा 4 एवं 6 के अनुमोदन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को प्रस्तुत. |
| 34. | 32/अ-82/02-03 | मौहापाली | मौहापाली माइनर क्र. 2 | - | - | धारा 4 एवं 6 के अनुमोदन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को प्रस्तुत. |
| 35. | 49/अ-82/02-03 | सुरसी | बिनौधा माइनर एवं सुरसी माइनर. | - | - | धारा 4 एवं 6 के अनुमोदन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को प्रस्तुत. |
| 36. | 47/अ-82/02-03 | मड़वा | बिनौधा माइनर एवं सुरसी माइनर. | - | - | धारा 4 एवं 6 के अनुमोदन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को प्रस्तुत. |
| 37. | 41/अ-82/02-03 | किरारी | किरारी सब माइनर | 14-01-03 | 18-03-05 | अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन |

परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 650) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**वर्ष 01-01-04 से 20-06-07 तक की अवधि में प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु निष्पादित किये गये एम. ओ. यू. की जानकारी :—**

| क्र. | इकाई का नाम | प्रस्तावित पूंजी निवेश करोड़ रु. में | प्रस्तावित स्थान |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | मे. आर्यन इस्पात एंड पावर प्रा. लि., बिलासपुर | 860.00 | रायपुर |
| 2. | मे. गोदावरी पावर एंड इस्पात लि., रायपुर | 493.00 | रायपुर |
| 3. | मे. एलायंस इंटीग्रेटेड मेटलिक लि., नई दिल्ली | 475.00 | रायपुर |
| 4. | मे. वंदना ग्लोबल लि., रायपुर | 426.00 | रायपुर |
| 5. | मे. एस. के. एस. इस्पात प्रा. लि., मुम्बई | 295.47 | रायपुर |
| 6. | मे. मैगनम स्टील लि., नई-दिल्ली | 212.00 | दुर्ग |
| 7. | मे. जीपीटी मेटल इण्डस्ट्रीज लि., कोलकाता | 139.00 | बिलासपुर |
| 8. | मे. बीईसी प्रोजेक्ट लिमि., भिलाई | 129.00 | दुर्ग |
| 9. | मे. छत्तीसगढ़ आयरन एंड स्टील कंपनी प्रा. लि., मुम्बई | 115.65 | दुर्ग या रायगढ़ |
| 10. | मे. मेगा पावर बिल्डर्स एंड डेव्हलपर्स प्रा. लि., मुम्बई | 115.00 | दुर्ग या रायगढ़ |
| 11. | मे. आनंद इस्पात उद्योग प्रा. लि., भिलाई | 110.00 | दंतेवाड़ा |
| 12. | मे. फेरल इंजीनियरिंग लि., लंदन | 100.00 | छत्तीसगढ़ |
| 13. | मे. लाइटेग एशिया लि., लंदन एवं लैंको अमरकंटर पावर प्रा. लि., हैदराबाद | 125.00 | छत्तीसगढ़ |
| 14. | मे. जिंदल स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली | 2595.00 | रायगढ़ |
| 15. | मे. छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रीसीटी कंपनी लि., रायपुर | 2010.00 | रायपुर |
| 16. | मे. प्रकाश इंडस्ट्रीज लि., नई-दिल्ली | 1017.00 | चांपा |
| 17. | मे. बिगवॉस स्टील एंड एलाएज लि., कोलकाता | 700.00 | जांजगीर-चांपा |
| 18. | मे. वसुन्धरा स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली | 465.00 | बिलासपुर |
| 19. | मे. रैक्सन स्ट्रीप्स लिमिटेड उड़ीसा | 465.00 | बिलासपुर |
| 20. | मे. छत्तीसगढ़ स्टील एंड पावर, रायपुर | 464.88 | जांजगीर-चांपा |
| 21. | मे. पुष्प स्टील्स एंड माईनिंग प्रा. लि., दिल्ली | 380.00 | बोरई ग्रोथ सेंटर दुर्ग |
| 22. | मे. सलासार स्पांज एंड पावर लि., रायपुर | 287.51 | रायगढ़ |
| 23. | मे. श्रीराधे इंडस्ट्रीज लि., बिलासपुर | 232.50 | बिलासपुर |
| 24. | मे. सत्यार्थ स्टील एंड पावर लि., रायपुर | 175.00 | रायपुर |
| 25. | मे. ए. पी. आई. स्पात एंड पावर टेक प्रा. लि., नई-दिल्ली | 158.00 | रायपुर |
| 26. | मे. टापवर्थ स्टील प्रा. लि., मुम्बई | 129.00 | बोरई ग्रोथ सेंटर दुर्ग |
| 27. | मे. श्री श्याम ग्लोबल प्रा. लि., जांजगीर-चांपा | 124.00 | रायपुर |
| 28. | मे. केस्ट स्टील एंड पावर प्रा. लि., भिलाई | 116.50 | राजनांदगांव |
| 29. | मे. बालाजी विद्युत एंड स्पॉज आयरन लि., रायपुर | 105.01 | रायपुर |
| 30. | मे. टेक्सॉस पावर जेन, यू. एस. ए. | 5550.00 | बिलासपुर |
| 31. | मे. टाटा स्टील मुम्बई | 10000.00 | बस्तर |
| 32. | मे. एस्सार स्टील छत्तीसगढ़ लि., हजीरा | 7000.00 | बस्तर |
| 33. | मे. इण्ड सिनर्जी लिमिटेड, रायगढ़ | 960.00 | रायगढ़ |
| 34. | मे. श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड, रायपुर | 1400.00 | रायपुर |
| 35. | मे. एस. के. एस. इस्पात लिमिटेड, मुम्बई | 1175.00 | रायपुर |
| 36. | मे. रायपुर एलाएज एंड स्टील लिमिटेड, रायपुर | 720.00 | रायपुर |
| 37. | मे. लाफार्ज इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, मुम्बई | 515.00 | रायपुर |
| 38. | मे. अम्बुजा सिमेंट, इस्टर्न लिमिटेड, रायपुर | 850.83 | रायपुर |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 39. | मे. श्री बजरंग मेटालिक्स एंड पावर लिमिटेड, रायपुर | 109.41 | रायपुर |
| 40. | मे. राजेश स्ट्रीप्स लिमिटेड, रायपुर | 120.00 | रायपुर |
| 41. | मे. राजेश स्ट्रीप्स लिमिटेड, रायपुर | 200.00 | - |
| 42. | मे. इमामी पेपर मिल्स लिमिटेड, कोलकाता | 1600.00 | रायपुर |
| 43. | मे. एसीसी लिमिटेड, मुम्बई | 400.00 | दुर्ग |
| 44. | मे. एसीसी लिमिटेड, मुम्बई | 1400.00 | बिलासपुर |
| 45. | मे. ग्रासीम इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिरला ग्राम, नागदा, मध्यप्रदेश | 180.00 | रायपुर |
| 46. | मे. ग्रासीम इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिरलाग्राम, नागदा, मध्यप्रदेश | 1200.00 | रायपुर |
| 47. | मे. मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड, रायपुर | 1400.00 | रायगढ़, रायपुर |
| 48. | मे. जिन्दल स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली | 720.00 | रायगढ़ |
| 49. | मे. रूंगटा माईंस लिमिटेड, चाईबासा झारखण्ड | 400.00 | रायपुर |
| 50. | मे. सेन्चुरी टैक्सटाईल एंड इंडस्ट्रीज लि., मुम्बई | 109.60 | रायपुर |
| 51. | मे. जिन्दल स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली | 8000.00 | रायगढ़ |
| 52. | मे. भूषण पावर एंड स्टील लि. मि., नई दिल्ली | 5500.00 | राजनांदगांव |
| 53. | मे. मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड, रायपुर | 2087.00 | रायगढ़ |
| 54. | मे. वन्दना इस्पात लिमिटेड, रायपुर | 1310.00 | बोरई, दुर्ग |
| 55. | मे. टापवर्क स्टील प्रा. लि., मुम्बई | 1225.74 | बोरई, दुर्ग |
| 56. | मे. एसएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, कोलकाता | 850.00 | रायगढ़ |
| 57. | मे. सलासार इस्पॉज एंड पावर लि., रायपुर | 230.00 | रायगढ़ |
| 58. | मे. लाफार्ज ईंडिया प्राईवेट लिमिटेड, मुम्बई | 947.50 | जांजगीर-चांपा |
| 59. | मे. श्री सिमेंट लिमिटेड, बेवार, जिला-अजमेर, राजस्थान | 1000.00 | रायपुर |
| 60. | मे. प्रकाश इन्डस्ट्रीज लि., नई-दिल्ली | 2145.00 | जांजगीर-चांपा |
| | | **72324.60** | |

प्रपत्र "ब"

दिनांक 01-01-2004 से दिनांक 20-06-2007 तक निष्पादित एमओयू, जिनमें निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है

| क्र. (1) | इकाई का नाम (2) |
|---|---|
| 1. | मे. गोदावरी पावर एंड इस्पात लि., रायपुर |
| 2. | मे. वंदना ग्लोबल लि., रायपुर |
| 3. | मे. एस. के. एस. इस्पात प्रा. लि., मुम्बई |
| 4. | मे. जिन्दल स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली |
| 5. | मे. छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी कंपनी लि., रायपुर |
| 6. | मे. प्रकाश इण्डस्ट्रीज लि., नई दिल्ली |
| 7. | मे. छत्तीसगढ़ स्टील एंड पावर, रायपुर |
| 8. | मे. सलासार स्पांज एंड पावर लि., रायपुर |
| 9. | मे. श्रीराधे इण्डस्ट्रीज लि., बिलासपुर |
| 10. | मे. सत्यार्थ स्टील एंड पावर लि., रायपुर |
| 11. | मे. ए. पी. आई. इस्पात एंड पावरटेग प्रा. लि., नई दिल्ली |
| 12. | मे. टापवर्थ स्टील प्रा. लि., मुम्बई |
| 13. | मे. केस्टस्टील एंड पावर प्रा. लि., भिलाई |
| 14. | मे. इंडसिनर्जी लिमिटेड, रायगढ़ |
| 15. | मे. श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड, रायपुर |
| 16. | मे. एस. के. एस. इस्पात लिमिटेड, मुम्बई |
| 17. | मे. रायपुर एलायज एंड स्टील लिमिटेड, रायपुर |
| 18. | मे. लाफार्ज इंडिया प्रा. लि. मुम्बई |
| 19. | मे. अम्बूजा सिमेंट इस्टर्न लिमिटेड, रायपुर |
| 20. | मे. श्री बजरंग मेटालिक्स एंड पावर लिमिटेड, रायपुर |
| 21. | मे. राजेश स्टील्स लिमिटेड, रायपुर |
| 22. | मे. एसीसी लिमिटेड, मुम्बई |
| 23. | मे. ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिरला ग्राम, नागदा, मध्यप्रदेश |
| 24. | मे. सेन्चुरी टैक्सटाईल एंड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, मुम्बई |
| 25. | मे. जिन्दल स्टील एंड पवार लिमिटेड, नई दिल्ली |
| 26. | मे. मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड, रायपुर |
| 27. | मे. एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, कोलकाता |
| 28. | मे. सलासार स्पॉज एंड पावर लि., रायपुर. |